# सीपीएसई ईटीएफ में 4 नई कंपनियाँ शामिल ( new companies included in CPSE ETF)

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सीपीएसई एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को पुनर्गठित किया है और इसमें सार्वजनिक क्षेत्र वाली 4 कंपनियों एनटीपीसी, एसजेवीएन, एनएलसी और एनबीसीसी के शेयरों को शामिल किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- मंत्रालय ने ईटीएफ बास्केट से भारत की तीन मौजूदा कंपनियों गेल, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) और कंटेनर कॉर्पोरेशन को हटा दिया है और उनके स्थान पर चार नई कंपनियों को शामिल किया है।
- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीपीएसई ईटीएफ में अब राज्य-स्वामित्व वाली 10 कंपनियों के स्थान पर 11 कंपनियाँ हो गई हैं।
- मंत्रालय इस महीने के अंत तक सीपीएसई एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के फॉलो-ऑन सार्वजनिक प्रस्ताव को लॉन्च करने की योजना बना रहा है और मंत्रालय को इससे करीब आठ हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है।
- सीपीएसई ईटीएफ में शामिल अन्य सात सरकारी कंपनियाँ ओएनजीसी, कोल इंडिया, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, पीएफसी, आरईसी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स हैं।
- मंत्रालय पहले ही सीपीएसई की तीन खेप से 11,500 करोड़ रुपए जुटा चुका है और इस महीने के अंत तक चौथी किश्त की योजना बनाई जा रही है।

### ईटीएफ क्या है?

- एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) नियमित म्यूच्यूअल फंड के विपरीत स्टॉक एक्सचेंज में साधारण स्टॉक जैसा कारोबार करते हैं|
- ईटीएफ की खरीद-बिक्री मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के पंजीकृत ब्रोकर के ज़रिये की जाती है|
- ईटीएफ यूनिट स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होते हैं बाज़ारों की गति और रुझान के चलते इनके सकल आस्ति मूल्य (NAV) में बदलाव दिखता है|

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-companies-included-in-cpse-etf